**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 502**
**06 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड के अंतर्गत विकास परियोजनाएं**

**502. सुश्री इकरा चौधरीः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड द्वारा शुरू की जा रही प्रमुख विकास परियोजनाओं तथा उनके लिए आवंटित निधियों की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) शामली और मुजफ्फरनगर जिलों में शुरू की जा रही विकास परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा उनके लिए आवंटित निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने शामली और मुजफ्फरनगर जिलों को एनसीआर क्षेत्र में शामिल करने के बाद किसानों, ईंट भट्टा संचालकों और अन्य लघु उद्योगों पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों का अध्ययन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का एनसीआर क्षेत्र में कुछ क्षेत्रो को बाहर करने का कोई प्रस्ताव है, विशेषकर से शामली और मुजफ्फरनगर के मामले में, और यदि नहीं, तो नागरिकों पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क): राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) किसी भी परियोजना/योजना को शुरू/कार्यान्वित नहीं करता है, बल्कि केवल एनसीआर में भाग लेने वाले राज्यों और उनकी कार्यान्वयन एजेंसियों की परियोजनाओं के लिए ऋण आधारित वित्तीय सहायता प्रदान करता है। एनसीआरपीबी द्वारा आवंटित/स्वीकृत निधियों का विवरण अनुलग्नक में है।

(ख): चूंकि, एनसीआर के उत्तर प्रदेश उप-क्षेत्र के शामली और मुजफ्फरनगर जिलों के लिए भाग लेने वाले राज्य या उनकी कार्यान्वयन एजेंसियों से एनसीआरपीबी से वित्तीय सहायता के

लिए कोई परियोजना प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है, इसलिए इन जिलों के लिए एनसीआरपीबी द्वारा अभी तक कोई धनराशि आवंटित/वितरित नहीं की गई है।

(ग): जी, नहीं।

(घ): एनसीआरपीबी ने यह जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने मुजफ्फरनगर और शामली जिलों को एनसीआर में शामिल न करने का कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

*****

**'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड के तहत विकास परियोजनाएं' विषय पर दिनांक 06.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 502 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**<u>एनसीआर योजना बोर्ड द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान आवंटित/स्वीकृत निधियों का ब्यौरा</u>**

**(<u>रुपए करोड़ में</u>)**

| क्र. सं. | परियोजनाओं के नाम | कार्यान्वयन एजेंसी | पीएसएमजी-I द्वारा स्वीकृति की तारीख | अनुमानित लागत | स्वीकृत ऋण | अब तक जारी किया गया वास्तविक ऋण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सनोली पानीपत रोड (आरडी 7.200 से 18.310 तक (जीटी रोड एनएच-44) का सुधार, पानीपत जिले में नव घोषित (एनएच-709 एडी) के अंतर्गत शामिल नहीं होने वाला हिस्सा | पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), हरियाणा | 24-03-2022 | 75.75 | 56.81 | 34.08 |
| 2 | पानीपत जिले में पानीपत (जीटी रोड एनएच-44) से डाहर तक एनएच-709 (सेक्शन आरडी 3.00 से 6.700) तक चार लेन का सुधार | पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), हरियाणा | 24-03-2022 | 30.71 | 23.03 | 17.28 |
| 3 | हरियाणा के झज्जर जिले में किमी 0 से 37.978 तक छुछकवास-मातनहेल-बहू-करोली (सीएमबीके) सड़क के पक्के किनारों के साथ 2 लेन का सुधार (चौड़ाई और सुदृढ़ीकरण), एचएसआरडीसी/पीडब्ल्यूडी बीएंडआर हरियाणा द्वारा | पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), हरियाणा | 31-03-2023 | 134.52 | 100.89 | 67.14 |
| 4 | रोहतक जिले में किमी 0.00 से किमी 33.880 तक मेहम से कलानौर से बेरी तक जिला सीमा (आई/सी एमडीआर-122) सड़क का सुदृढ़ीकरण | पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), हरियाणा | 22-08-2023 | 51.63 | 38.72 | 38.72 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | झज्जर जिले में झज्जर से कोसली रोड किमी 0.00 से किमी 30 तक का सुदृढ़ीकरण | पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), हरियाणा | 22-08-2023 | 60.89 | 45.67 | 45.67 |
| 6 | रोहतक जिले में पुराने एनएच-71ए पर सुखपुरा चौक पर किमी 4.975 से किमी 5.695 (720 मीटर) तक फ्लाईओवर का निर्माण | पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), हरियाणा | 22-08-2023 | 65.88 | 49.41 | 32.61 |
| 7 | हरियाणा के नूंह और पलवल जिले में नूंह-पलवल रोड (किमी 2.00 से किमी 32.00) (एसएच-13) (आईडी3536) का सुधार | पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), हरियाणा | 22-08-2023 | 137.57 | 103.17 | 51.59 |
| 8 | हरियाणा के पानीपत जिले में पानीपत-सफीदों-जींद भिवानी रोड (एसएच-014) को पार करने वाले कैरियर लाइन्ड चैनल के साथ फ्लाईओवर का निर्माण | पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), हरियाणा | 22-08-2023 | 26.47 | 19.85 | 11.91 |
| 9 | हरियाणा के पानीपत जिले में जींद पानीपत रेलवे खंड पर किमी.68/21-22 और दिल्ली अंबाला खंड पर किमी.89/18-19 पर आरओबी का निर्माण | पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), हरियाणा | 22-08-2023 | 73.24 | 52.82 | 31.69 |
| 10 | हरियाणा के पानीपत जिले में दिल्ली-अंबाला रेलवे सेक्शन पर किमी. 87/1-2 पर पानीपत जीटी रोड से दहर तक एनएच-709 तक मौजूदा जॉब के समानांतर आरओबी का निर्माण | पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), हरियाणा | 22-08-2023 | 25.98 | 19.48 | 11.69 |
| 11 | रोहतक जिले में रोहतक खरखौदा दिल्ली सीमा सड़क का किमी 11.200 से किमी 22.200 तक सुदृढ़ीकरण | पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), हरियाणा | 22-08-2023 | 19.46 | 14.59 | 14.59 |
| 12 | जयपुर मेट्रो रेल परियोजना चरण-1सी (बड़ी चौपड़ से ई-डब्ल्यू कॉरिडोर का विस्तार) | जेएमआरसी, जयपुर | 27-02-2024 | 980.08 | 588.05 | 0.00 |
| 13 | जयपुर मेट्रो रेल परियोजना जेएमआरसी द्वारा चरण-1डी (मानसरोवर से अजमेर रोड (चौराहा) तक ई-डब्ल्यू कॉरिडोर का विस्तार) | जेएमआरसी, जयपुर | 27-02-2024 | 204.81 | 122.88 | 0.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | करोली में 220/132 केवी और 132/33 केवी जीएसएस का निर्माण (उन्नयन) संबंधित | आरआरवीपीएन लिमिटेड, राजस्थान | 27-02-2024 | 62.64 | 46.98 | 32.89 |
| 15 | राजस्थान के भरतपुर जिले में बरखेड़ा में 132/33 केवी, 1x31.5 एमवीए जीएसएस का निर्माण और संबंधित ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण | आरआरवीपीएन लिमिटेड, राजस्थान | 27-02-2024 | 23.66 | 17.75 | 10.65 |
| 16 | राजस्थान के भरतपुर जिले में सीकरी में 220/132 केवी जीएसएस का निर्माण और संबंधित ट्रांसमिशन लाइनें एवं कार्य | आरआरवीपीएन लिमिटेड, राजस्थान | 27-02-2024 | 116.92 | 87.69 | 61.38 |
| 17 | राजस्थान के भरतपुर जिले में फुलवाड़ा में 132/33 केवी, 1x31.5 एमवीए जीएसएस का निर्माण और संबंधित ट्रांसमिशन लाइनों का निर्माण | आरआरवीपीएन लिमिटेड, राजस्थान | 27-02-2024 | 22.13 | 16.60 | 11.62 |
| 18 | भरतपुर जिले, राजस्थान में चीखरू-बयाना में 132/33 जीएसएस का निर्माण और संबंधित लाइनें | आरआरवीपीएन लिमिटेड, राजस्थान | 27-02-2024 | 21.43 | 16.07 | 11.25 |
| 19 | आरवीपीएन लिमिटेड, राजस्थान द्वारा एनसीआर के राजस्थान उप क्षेत्र में 132 केवी डी/सी एसएमएस स्टेडियम-मानसरोवर-सांगानार ओवर हेड लाइन परियोजना का रूपांतरण। | आरआरवीपीएन लिमिटेड, राजस्थान | 29-11-2024 | 114.51 | 85.88 | 0.00 |
| 20 | आरवीपीएन लिमिटेड, राजस्थान द्वारा एनसीआर के राजस्थान उप क्षेत्र में संबद्ध परियोजना के साथ एसएमएस अस्पताल (जिला जयपुर) में 132/33 केवी, 2x50 एमवीए जीआईएस सबस्टेशन का निर्माण। | आरआरवीपीएन लिमिटेड, राजस्थान | 29-11-2024 | 85.76 | 64.32 | 0.00 |
| | **कुल** | | | 2334.04 | 1570.66 | 484.76 |